हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 17 मार्च 2026

06 बांसी-बार अंतरराज्यीय मार्ग निर्माण से क्षेत्र का...



07 इच्छापुरा से दो युवतियां लापता, अपहरण...





## खबर संक्षेप

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता के प्रति किया जा रहा है जागरूक

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के लिए निरंतर जनजागरूकता गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। जिसके तहत शहर के सिविल लाइन, कटरा बाजार, गुजराती बाजार तथा बस स्टैंड क्षेत्र में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने अपने अभिनय के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता का महत्व समझाते हुए बताया कि स्वच्छ शहर के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने नागरिकों से अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने, कचरा इधर-उधर न फेंकने तथा निर्धारित स्थानों पर ही कचरा डालने की अपील की। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को घरों से निकलने वाले सूखे और गीले कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में एकत्रित कर नगर निगम की कचरा गाड़ी को देने के लिए प्रेरित किया गया, जिससे कचरे का उचित प्रबंधन किया जा सके। साथ ही खाली प्लॉटों एवं सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न डालने और शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने में सहयोग करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति आशुतोष दुबे, दीपेंद्र सिंह, कृष्णा, प्रिया, सागर, देव सहित अन्य कलाकारों द्वारा दी गई। नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया।

### ऑटो ने बाइक को मारी टक्कर, दो युवक घायल

**खुरई।** निर्तला-मंडीबमोरा रोड पर स्थित सरखड़ी गांव में रविवार रात तेज रफ्तार ऑटो ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक इलाज के बाद सागर रेफर कर दिया गया है। बिंदई निवासी गोलू पिता रक्कू पटेल (28) और राहुल पिता देवेंद्र सिंह दांगी (33) अपनी बाइक से गांव से खुरई की ओर जा रहे थे। सरखड़ी गांव के पास एक ऑटो चालक ने तेज और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची।

## रोगी कल्याण समिति और जिला पोषण समिति की बैठकें निर्धारित समय में कराएं

# सागर संभाग में स्वास्थ्य सेवाओं का परिणाममूलक क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं : कमिश्नर सुचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सेवाओं और योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी और सुचारू रूप से करने के निर्देश सागर संभाग के सभी चिकित्सा अधिकारियों को दिए हैं। कमिश्नर ने चिकित्सकों को निर्देशित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा मध्यप्रदेश के लोगों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए कई प्रकार की अभिनव स्वास्थ्य सेवाएं और योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन सभी स्वास्थ्य सेवाओं और योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों को मिलना चाहिए।

कमिश्नर ने कहा है कि सागर संभाग के सभी चिकित्सकों के माध्यम से मरीजों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया होना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि स्वास्थ्य सेवाओं के क्रियान्वयन में उदासीनता, लापरवाही और गतिरोध उत्पन्न करने वाले चिकित्सकों और मैदानी स्वास्थ्य अमले के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित कराएं। कमिश्नर ने सागर संभाग के सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे रोगी कल्याण समिति और जिला पोषण समिति की बैठकें निर्धारित समय अवधि में कराना सुनिश्चित करें तथा बैठकों में लिए गए निर्णयों का प्रभावी क्रियान्वयन कराएं। कमिश्नर ने उक्त निर्देश आज स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए।बैठक में महिलाओं के लिए संचालित स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि एनेमिक महिलाओं के लिए समुचित पोषण आहार एवं स्वास्थ्य सेवाओं का सागर संभाग में बेहतर से बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं और एनेमिक महिलाओं को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के प्रयास किए जाएं। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सागर संभाग में महिलाओं को लगने वाले आयरन सुक्रोज के इंजेक्शन प्राथमिकता से लगाना सुनिश्चित किया जाए और आवश्यक होने पर ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर सुक्रोज के इंजेक्शन महिलाओं को लगाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित मातृ वंदना योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सागर संभाग में मातृ वंदना योजना का प्रभावी और परिणाममूलक क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं। कमिश्नर ने निर्देशित करते हुए कहा कि मातृ वंदना योजना अति महत्वपूर्ण योजना है, इसके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की उदासीनता और लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कमिश्नर ने महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं और संदर्भ सेवाओं में उदासीनता और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में कमिश्नर ने श्रम विभाग द्वारा संचालित अंत्येष्टि सहायता योजना की जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा कि अंत्येष्टि सहायता योजना के क्रियान्वयन में जो जनपद पंचायतें अथवा नगरीय निकाय योजना के क्रियान्वयन में प्रभावी रूप से कार्य नहीं कर रहे हैं, उन्हें कार्य करने के लिए प्रेरित करें। कमिश्नर ने कहा कि वित्तीय वर्ष के अंत तक अंत्येष्टि सहायता योजना का शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करना सुनिश्चित करें। बैठक में कमिश्नर द्वारा टीकाकरण कार्य, फूड बास्केट योजना और आयुष्मान भारत योजना की भी समीक्षा की गई।

बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास राकेश शुक्ला, बुन्देलखंड मेडिकल कॉलेज के डीन पीएस ठाकुर, क्षेत्रीय संचालक डा. नीना गिडियन, संयुक्त संचालक महिला बाल विकास, सहित अन्य अधिकारी शामिल थे।



## गढ़ाकोटा में पंचकल्याण प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य शुभारंभ, निकली दिव्य घटयात्रा

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा स्थित पवित्र जैन तीर्थ सिद्ध क्षेत्र घुन घुनीयां मंदिर पटेरिया जी धाम में आयोजित पंचकल्याण प्रतिष्ठा महोत्सव का सोमवार को भव्य शुभारंभ हुआ। महोत्सव के पहले दिन नगर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। जैन समाज द्वारा घट यात्रा का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। लालपुरा चौधरी जैन मंदिर से निकली भव्य यात्रा महोत्सव के शुभारंभ के अवसर पर नगर के चौधरी जैन मंदिर से भव्य एवं दिव्य घट यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में जैन समाज के पुरुष,महिलाएं,बच्चे और बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए। महिलाएं सिर पर कलश धारण कर पारंपरिक वेशभूषा में भक्ति भाव से चल रही थीं। कलशों को रंग-बिरंगे वस्त्रों और फूलों से सजाया गया था,जिससे यात्रा और भी आकर्षक दिखाई दे रही थी। घट यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ आगे बढ़ी। यात्रा के दौरान बैंड-बाजों की मधुर धुन,ढोल-नगाड़ों की गूंज और भगवान के जयकारों से पूरा वातावरण धर्ममय हो गया। श्रद्धालु "जय जिनेंद्र" और अन्य धार्मिक जयघोष लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे,जिससे नगर का माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। यात्रा के नगर के विभिन्न स्थानों से गुजरने के दौरान स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। जगह-जगह स्वागत मंच बनाए गए थे, जहां से समाज के लोगों ने यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया। इस दौरान नगर में उत्सव जैसा वातावरण देखने को मिला। नगर भ्रमण के बाद घट यात्रा सिद्ध क्षेत्र पटेरिया जी धाम पहुंची,जहां विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापना की गई। इसके साथ ही पंचकल्याण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों और पूजनकी औपचारिक शुरुआत हो गई।



## खुरई में बाइक टक्कर पर विवादः मामा-भांजे को भीड़ ने पीटा, पुलिस थाने जा रहे थे दोनों

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

खुरई के सेंट्रल बैंक के सामने बीती रात दो बाइकों की टक्कर के बाद विवाद हो गया। यह विवाद जल्द ही मारपीट में बदल गया, जिसमें मामा और भांजा सहित तीन लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल भांजे को सागर रेफर किया गया है। सिविल अस्पताल में भर्ती घायल राम सेन (18) निवासी कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड ने बताया कि वह रविवार रात अपने भांजे शुभम सेन (17) को बस स्टैंड छोड़ने गया था। शुभम इंदौर जा रहा था और उसे गैस सिलेंडर ले जाना था, जिसके लिए बस कंडक्टर ने पुलिस से लिखवाकर लाने को कहा। वे दोनों शहरी थाने आवेदन देने जा रहे थे, तभी सेंट्रल बैंक के सामने उनकी बाइक एक अन्य बाइक से टकरा गई। राम सेन के अनुसार, उन्होंने माफी मांगी, लेकिन सामने वाले व्यक्ति ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। वहां मौजूद भीड़ ने भी लात-घूंसों से मारपीट की। कुछ लोगों ने बीच-बचाव किया, जिससे स्थिति और बिगड़ने से बची। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 मौके पर पहुंची और घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद शुभम की हालत गंभीर होने के कारण उसे सागर रेफर कर दिया गया। दूसरे पक्ष से मुकेश पिता दुर्गा दास को भी चोटें आई हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सत चित्त आनंद तीनों शब्दों को लेखनी की गरिमा में समाहित करते हैंः हरिशंकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

प्रगतिशील कविता और नई कविता के बीच सेतु के रूप में पहचाने जाने वाले हिन्दी साहित्य के प्रमुख आलोचक, ढकहानीकार व कवि, गजानन माधव मुक्तिबोध पर केंद्रित स्मरण मुक्तिबोध कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन मुक्तिबोध सृजन पीठ साहित्य अकादमी भोपाल द्वारा रविवार को शासकीय कन्या महाविद्यालय के सभागार में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सुप्रसिद्ध विद्वान महामहोपाध्याय आचार्य हरिशंकर दुबे जबलपुर ने मुक्तिबोध की रचनाधर्मिता के साथ उनके जीवन के उतार-चढ़ाव पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि सत चित्त आनंद तीनों शब्दों को लेखनी की गरिमा में समाहित करते हैं। सारस्वत अतिथि वरिष्ठ लेखिका डॉ (सुश्री) शरद सिंह ने कहा कि मुक्तिबोध मूल रूप से सिर्फ मानवतावादी थे। यह बात उनकी ब्रह्मराक्षस का शिष्य और क्लॉड ईथरली जैसी कहानियां पढ़ने के बाद भली-भांति समझा जा सकता है। मुक्तिबोध की रचनाओं को पुनर्व्याख्यायित किया जाना आवश्यक है। इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमर कंटक के प्राध्यापक डॉ राकेश सोनी ने भारतीय सांस्कृतिक एवं राष्ट्रवाद के आधार पर मुक्तिबोध की रचनाओं का मूल्यांकन किया। डॉ. सरोज गुप्ता ने मुक्तिबोध के समसामयिक मूल्यों की चर्चा करते हुए उनकी काव्य कृतियां के मर्म को सामने रखा।

कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आनंद तिवारी ने उन्हें एक राष्ट्रवादी और सामाजिक परिवेश की चिंता करने वाले जागरूक व्यक्तित्व के तौर पर रेखांकित किया। मुक्तिबोध सृजन पीठ भोपाल के निदेशक ऋषि कुमार मिश्र ने स्वागत भाषण देते हुए मुक्तिबोध के साहित्य को भारतीय परंपरा का संवाहक बताते हुए उनकी कविता ₹ब्रह्म राक्षस₹ में ब्रह्म तत्व का विवेचन किया।

इस अवसर पर नगर के चर्चित साहित्यकार डॉ प्रदीप पाण्डेय के नवीन काव्य संग्रह वक़्त की ही तू तलाश है का विमोचन भी मंचासीन अतिथियों एवं वरिष्ठ साहित्यकारों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का द्वितीय चरण काव्य रचना पाठ के लिए समर्पित रहा। अध्यक्षता कर रहे देश के सुप्रसिद्ध कवि ऋषि श्रंगारी की कविताओं ने जहाँ श्रोताओं को काव्य रस से सराबोर कर दिया वहीं निरंजना जैन, पुष्पेंद्र दुबे, पी आर मलैया, कपिल चौबे, डॉ नीलिमा पिंपलापूरे, डॉ प्रदीप पांडेय, अमिश साक्षी और युवा कवयित्री माही रिछारिया ने अपनी कविताओं से प्रभावित किया। कवि नलिन जैन निर्मल ने सुचारु संचालन किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती पूजन और अर्चना प्यासी द्वारा की गई मधुर सरस्वती वंदना से हुई। अयोजक संस्थाओं की ओर से निदेशक ऋषि कुमार मिश्र भोपाल एवं उमा कान्त मिश्र स्थानीय संयोजक सागर ने पुष्प गुच्छ भेंट कर अतिथि स्वागत किया.।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में साहित्यजगत के प्रमुख लोगों की उपस्थिति रही जिनमें प्रो. दिनेश अत्रि, टी आर त्रिपाठी, हरिसिंह ठाकुर,अभिनन्दन दीक्षित,मुकेश तिवारी, अम्बिका यादव,डॉ विजय लक्ष्मी दुबे, डॉ छाया चौकसे, सुनीला सराफ आदि।



## 28 मरीजों को इलाज हेतु परिजनों सहित 66 लोगों को भोपाल भेजा

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा में रविवार को पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव के गणनायक निवास से 28 मरीजो को इलाज के लिए उनके परिजनों सहित कुल 66 लोगो को भोपाल रवाना किया गया। इस दौरान 3 छोटे बच्चे जो कि ह्रदय रोग से ग्रषित है जिनमे से एक बच्ची समायरा अहिरवार तुलसीनगर,सागर से है इन सभी बच्चों को ह्रदय के ऑपरेशन हेतु इंदौर भेजा जाएगा। लक्ष्मी पति मूलचंद यादव निवासी वरबांसा (दमोह) को किडनी की समस्या है, वहीं उत्तरा पति अनिल लोधी निवासी रोसरा (दमोह) को किडनी इन्फेक्शन की समस्या है, जिनका ऑपरेशन होना है। इसके अतिरिक्त 6 मरीज ह्रदय रोग से पीड़ित हैं,4 मरीजों को बच्चेदानी के ऑपरेशन हेतु,2 मरीज कैंसर रोग से संबंधित, कुछ मरीज नसों की समस्या से,3 मरीज पेट की गंभीर तकलीफ से पीड़ित हैं। एक मरीज को खून की उल्टियां होने की समस्या है। वहीं संकित आदिवासी निवासी जामघाट की प्लेटलेट्स लगातार कम रहने के कारण उन्हें बार-बार रक्त चढ़ाना पड़ता है। साथ ही 12 वर्षीय अनामिका पाल को जांच हेतु भोपाल भेजा गया है। ऐसी ही गंभीर बीमारियों से पीड़ति मरीजो को भोपाल इलाज हेतु भेजा जाता है,भोपाल स्थित निवास पर रात्रि विश्राम उपरांत कल सभी मरीजो को भोपाल में विभिन्न अच्छी अस्पतालों में इलाज एवं जांच हेतु भेजा जाएगा।

## नगर विकास एवं सौंदर्यीकरण के विभिन्न विषयों पर चर्चा उपरांत लिए गए निर्णय

# 8 करोड़ की राशि से बनायी जाएंगी नई सड़क एवं नालों का निर्माण सौन्दर्यीकरण के विभिन्न कार्यों के साथ ही बनाए जाएंगे टॉयलेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

महापौर परिषद की बैठक महापौर संगीता सुशील तिवारी की अध्यक्षता में निगमायुक्त राजकुमार खत्री एवं एम आई सी सदस्यों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई जिसमें नगर विकास एवं सौन्दर्यीकरण के विभिन्न विषयों पर चर्चा उपरांत निर्णय लिए गए।

शहर में विभिन्न स्थानों पर मुख्यमंत्री अधोसंरचना अंतर्गत 8 करोड की राशि से शहर के सड़कों का निर्माण कार्य किया जायेगा। शहर में बगैर अनुमति के चल रहे मैरिज गार्डनों के विरूध्द सख्ती के साथ कार्यवाही की जावेगी। शहर में बारिश के दौरान जलभराव की समस्या को दृष्टिगत रखते हुये विभिन्न स्थानों पर नालों का निर्माण, नगर सौन्दर्यी करण के विभिन्न कार्यो एवं नागरिकों की सुविधा हेतु टायलेट निर्माण कराने की स्वीकृति प्रदान की गई।

म.प्र. राजपत्र असाधारण 6 जनवरी 2021 के अनुसार नगर पालिक निगम सागर क्षेत्र में संबंधित मैरिज गार्डनों का (पंजीयन एवं उपभोक्ता) अनुविज्ञाप्ति की दरों में वृध्दि किये जाने एवं नगर पालिका अधिनियम 1956 की धारा 246 के तहत कारखाना खोलने की अनुमति लिये जाने हेतु उसके शुल्क निर्धारण करने के संबंध में शुल्क संशोधित करने की स्वीकृति प्रदान की गई।नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत धारा 246 के अंतर्गत कारखाना संचालन की



अनुमति लेना अनिवार्य किया गया जिसका अनुमति शुल्क निर्धारण की स्वीकृति प्रदान की गई इसके साथ ही अनाधिकृत मैरिज गार्डन एवं अपंजीकृत मैरिज गार्डन संचालन को रोकने के लिए 5 सदस्यीय समिति गठित करने का निर्णय लिया गया।प्रधानमंत्री आवास योजना बी.एल.सी. घटक (शहरी) 2.0 के अंतर्गत 109 पात्र हितग्राहियों की सूची महापौर परिषद द्वारा पुष्टि की गई। स्ट्रोम वाटर ड्रेन, एस.बी.एम.2.0 अंतर्गत टायलेट निर्माण, शहर के विभिन्न स्थलों पर सौन्दर्यीकरण, आंतरिक साज-सज्जा एवं विभिन्न विकास कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई। जिसमें निविदा समिति के प्रतिवेदन अनुसार श्री राधे प्रोडक्शन जबलपुर की जारी की गई ऑनलाईन निविदा एवं निविदा में प्राप्त न्यूनतम दर की पुष्टि की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत शहरी गरीबों के आवासों को पूर्ण करने के उद्देश्य से क्रॉस सब्सिडी एकत्रित करने हेतु मेनपानी एवं नये आर.टी.ओ. के समीप दुकानें भूखण्ड तथा जवाहरगंज वार्ड में मल्टीस्टोरी पार्किंग पूर्ण करने हेतु म्युनिसिपल स्कूल व्यवसायिक परिसर तथा साबूलाल मार्केट की दुकानों के आवंटन, आरक्षित मूल्य एवं आरक्षण की स्वीकृति तथा निविदा आमंत्रित किये की पुष्टि की गई।नगर निगम सागर के बकाया करों हेतु जल प्रभार शुल्क (जलकर), ठोस अपशिष्ट प्रबंधन शुल्क तथा सीवरेज उपभोग शुल्क एवं अन्य शुल्कों की वसूली कार्य को ठेका से दिये जाने के संबंध में शर्तें तैयार की गई। अतः शर्तों का अनुमोदन किये जाने के संबंध में विषय को आगामी बैठक में रखे जाने का निर्णय लिया गया। नगर पालिक निगम सागर अंतर्गत आवारा कुत्तों के बधियाकरण एवं टीकाकरण हेतु 3 बार ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई, चतुर्थ निविदा में यारा फाउण्डेशन की दर पात्र पायी गई। मान. उच्चतम न्यायालय एवं शासन के दिशा निर्देशों एवं आदेशों को दृष्टिगत रखते हुये जनहित में कार्य आवश्यक होने से स्वीकृति प्रदान किए जाने की पुष्टि की गई। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना के अंतर्गत 15 वें वित्त की राशि से सागर एम.एस.डब्ल्यू साल्युशंस प्रा.लि.को डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन ट्रांसपोर्ट आदि हेतु टिपिंग फीस की राशि के भुगतान की नियमानुसार दी गई स्वीकृति की पुष्टि की गई। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना अंतर्गत कचरा प्रबंधन हेतु बायो फ्यूल / एनर्जी की आऊटपुट आदि कार्य की स्वीकृति की पुष्टि की गई। मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना (चतुर्थ चरण) अंतर्गत नगर निगम सागर को सड़क निर्माण कार्य हेतु राशि रू. 8 करोड़ की सैद्धांतिक स्वीकृति प्राप्त हुई। जिसकी तकनीकी, प्रशासकीय एवं निविदा आमंत्रित करने की स्वीकृति की पुष्टि की गई। आयुक्त द्वारा प्रस्तुत बजट वर्ष 2026-2027 विचारार्थ प्रस्तुत किया गया जिसमें विस्तृत चर्चा की गई तथा एम आई सी सदस्यों ने नगर विकास के संबंध में अपने अपने सुझाव दिए।

# गत्ते की फैक्ट्री में लगी आग इलाके में मची अफरा-तफरी

## 7 घंटे बाद दस से अधिक दमकल की गाड़ियों ने बुझाई आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर के बहेरिया थाना क्षेत्र स्थित चनाटोरिया में रविवार रात 2:30 बजे एक पुट्ठा (गत्ता) फैक्ट्री में आग लग गई, जिसे बुझाने के लिए आर्मी बुलानी पड़ी और 7 घंटे की मशक्कत के बाद 10 से अधिक दमकलों की मदद से इस पर काबू पा लिया गया है। आग लगातार बढ़ने पर मकरोनिया नगर पालिका, सागर नगर निगम और शाहपुर नगर परिषद की फायर ब्रिगेड गाड़ियां मौके पर बुलाई गई। आग पर काबू नहीं पाए जाने पर आर्मी को सूचना दी गई, जिसके बाद आर्मी की फायर फाइटर टीम ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला। 10 से अधिक फायर गाड़ियों ने सेना के साथ मिलकर करीब 7 घंटे से अधिक की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। 11:30 बजे तक धधकता रहा कचरा, मलबा हटाने बुलाई जेसीबी 7 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन



कचरे में आग सोमवार सुबह 11:30 बजे तक धधकती रही। घटनाक्रम के बाद मौके पर जेसीबी बुलाई गई है, जिसकी मदद से फैक्ट्री परिसर में धधक रहे कचरे और मलबे को हटाया जा रहा है। जेसीबी से मलबा हटाकर आग को पूरी तरह से बुझाने के प्रयास लगातार किए जा रहे हैं। रात 2:30 बजे उठीं 10 फीट ऊंची लपटें रविवार रात करीब 2.30 बजे चनाटोरिया पर स्थित पुट्ठा (पेपर के गत्ते) बनाने वाली फैक्ट्री में अचानक आग लग गई थी। आग की 10 फीट ऊंची लपटें उठती देख वहां से गुजर रहे राहगीरों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी थी। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका, नुकसान का आंकलन जारी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आगजनी का पंचनामा बना लिया है और आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। प्राथमिक जांच में पुलिस द्वारा इस फैक्ट्री में आग शॉर्ट सर्किट से लगने की आशंका जताई जा रही है। इस आगजनी में फैक्ट्री संचालक को कुल कितने का नुकसान हुआ है, यह स्थिति अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है।

भूमिपूजन: ऐतिहासिक पहल से मजबूत होगी उत्तर प्रदेश-मध्यप्रदेश कनेक्टिविटी

# बांसी-बार अंतरराज्यीय मार्ग निर्माण से क्षेत्र का विकास होगा : कुशवाहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

सदर विधायक रामरतन कुशवाहा के सतत प्रयासों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा स्वीकृत 43.77 करोड़ की सड़क परियोजना का शुभारंभ, सांसद अनुराग शर्मा, राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाशनारायण निरंजन एवं भाजपा जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। बांसी-बार मार्ग जनपद ललितपुर की विधानसभा सदर क्षेत्र में विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए बांसी-बार अंतरराज्यीय संपर्क मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का विधिवत भूमि पूजन समारोह सम्पन्न हुआ।

यह महत्वपूर्ण सड़क परियोजना सदर विधायक रामरतन कुशवाहा के निरंतर प्रयासों, जनहित में किए गए प्रभावी अनुश्रवण तथा प्रदेश नेतृत्व से सतत संवाद का परिणाम है, जिसे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन विधायक रामरतन कुशवाहा द्वारा झांसी-ललितपुर लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद अनुराग शर्मा, श्रम एवं सेवायोजन राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाशनारायण निरंजन की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग के



अधिकारियों, पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा क्षेत्रीय नागरिकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि, बांसी-बार मार्ग एवं पुराने अवशेष भाग का 2 लेन में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण किया जाएगा, योजना इंटर स्टेट कनेक्टिविटी योजनाइसकी लंबाई 14.360 किलोमीटर, सड़क की चौड़ाई लगभग 7 मीटर (दो लेन), स्वीकृत लागत 43.7727 करोड़ रुपए है। यह मार्ग झांसी-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ते हुए मध्यप्रदेश सीमा तक सीधा संपर्क स्थापित करेगा, जिससे दोनों राज्यों के बीच आवागमन अधिक सुगम होगा। मार्ग के निर्माण से बांसी, बार, जखौरा क्षेत्र, टीकमगढ़ (म.प्र.) मार्ग आसपास के ग्रामीण क्षेत्र को सीधा लाभ मिलेगा तथा जिला मुख्यालय ललितपुर तक पहुंच आसान होगी।

### बांसी-बार संपर्क मार्ग क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग थी

यह सड़क क्षेत्र में व्यापार, कृषि परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, धार्मिक स्थलों तक पहुंच, प्रशासनिक संपर्क को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास कार्य हो रहे हैं। बांसी-बार संपर्क मार्ग क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग थी। मैंने विधानसभा में तथा मुख्यमंत्री से भेंट कर इस मार्ग की आवश्यकता को प्रमुखता से रखा, जिसके परिणामस्वरूप आज यह ऐतिहासिक भूमि पूजन संभव हुआ। यह मार्ग केवल सड़क नहीं बल्कि क्षेत्र के विकास, व्यापार, शिक्षा और रोजगार का मार्ग है। सांसद अनुराग शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त भारत सुदृढ़ अवसंरचना के संकल्प के अनुरूप बुंदेलखंड में लगातार सड़क संपर्क मजबूत किया जा रहा है। यह मार्ग उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश के बीच महत्वपूर्ण कड़ी बनेगा और क्षेत्र के आर्थिक विकास को नई दिशा देगा। राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी क्षेत्र विकास से वंचित न रहे। यह सड़क बनने से ग्रामीण क्षेत्र सीधे राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ेंगे और लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाशनारायण निरंजन ने कहा कि, जनपद ललितपुर में जिस गति से विकास कार्य हो रहे हैं, वह प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह मार्ग क्षेत्र के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। सड़क, बिजली, पानी और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में जो कार्य हो रहे हैं, वे प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक ले जा रहे हैं। बांसी-बार मार्ग आने वाले समय में क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम में उपस्थित सम्मानित जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक इस अवसर पर प्रमुख रूप से ग्राम छिपाई प्रधान नीलमणि राजे बुंदेला, सुदामा दुबे, देवी सिंह कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

विशेष अभियान के तहत पलेरा पुलिस ने की कार्रवाई

# दबिश देकर किया स्थायी वारंटी को हथियार सहित गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶पलेरा

जिले में अवैध हथियार रखने वालों और स्थायी वारंटियों की धरपकड़ के लिए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पलेरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक स्थायी वारंटी को देशी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में जिले भर में अवैध हथियार लेकर घूमने वाले अपराधियों तथा फरार वारंटियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह एवं जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में थाना पलेरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना पलेरा पुलिस ने 15 मार्च को खुमानगंज रोड पलेरा से सालिनी उर्फ शानू उर्फ नसीम उर्फ शनि शाह निवासी वार्ड क्रमांक 12 पलेरा को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 12 बोर का एक देशी कट्टा तथा 12 बोर का एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया, जिसकी कुल कीमत लगभग 6100 रुपये बताई गई है। इसी दौरान पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी के खिलाफ जतारा न्यायालय द्वारा धारा 379 के तहत पूर्व में ही दो स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए थे। पुलिस ने उक्त वारंटों की तामील करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद थाना पलेरा में आरोपी के खिलाफ धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। बाद में आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में पलेरा थाना प्रभारी एनडी कोंडर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अहम भूमिका निभाई। उक्त टीम में फूलचंद्र बौद्ध, ग्यासी यादव, बालिशन, रमाशंकर कुशवाहा, रामप्रकाश, संतोष पाठक, सुनील कुमार, दीपक मिश्रा, ज्ञान सिंह सेंगर, बृजेंद्र, लक्ष्मण, अजय राजपूत, प्रवेंद्र पटेल, ललित कुशवाहा, सुमित दुबे और मोनिका शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने उक्त टीम द्वारा की गई कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि जिले में अवैध हथियार रखने वालों और फरार अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा।

बुंदेलखंड की शान क्रांति गौड़ ने की शिरकत, टीकमगढ़ व पूर्वांचल ने दर्ज की पहली जीत

# तूफानी प्रदर्शन व जीत के साथ हुआ महिला टूर्नामेंट का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶टीकमगढ़

खेल और महिला सशक्तिकरण के अनूठे संगम के साथ नगर के नजरबाग मैदान में अमर शहीद युवा कल्याण समिति के तत्वावधान में आयोजित 11वें अमर शहीद महिला लेदर बॉल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन मुकाबलों में महिला खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन ने दर्शकों को रोमांच से भर दिया और मैदान में जोरदार उत्साह देखने को मिला। इस टूर्नामेंट में बुंदेलखंड की शान व भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाडी क्रांति गौड़ ने भी शिरकत की। टूर्नामेंट संयोजक विनय प्रताप सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों के साथ पड़ोसी देश नेपाल की टीम भी भाग ले रही है, जिससे यह आयोजन बुंदेलखंड के खेल प्रेमियों के लिए खास आकर्षण बन गया है।

उद्घाटन मैच में पूर्वांचल और मध्य प्रदेश की टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मध्य प्रदेश की टीम ने 16 ओवरों में 6 विकेट खोकर 126 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पूर्वांचल की टीम ने आक्रामक खेल दिखाते हुए मात्र 12 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 127 रन बनाकर शानदार जीत दर्ज कर ली। पूर्वांचल की मानसी गौड़ ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए 30 रन बनाए और 2 विकेट भी लिए, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दिन का दूसरा मुकाबला आरसी क्रिकेट अकादमी टीकमगढ़ घुवारा ज्वेलर्स और उत्तर प्रदेश आर्जव होंडा के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए उत्तर प्रदेश की टीम ने 149 रन का लक्ष्य खड़ा किया। लेकिन उक्त लक्ष्य का पीछा करते हुए टीकमगढ़ की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए महज 13 ओवर में ही जीत हासिल कर ली।

इस मुकाबले में नवेली सिंह राठौर ने 45 गेंदों में ताबड़तोड़ 72 रनों की नाबाद पारी खेली और साथ ही 2 विकेट भी हासिल किए। उनके शानदार ऑलराउंडर प्रदर्शन के लिए उन्हें विमेन ऑफ द मैच से सम्मानित किया गया। बुंदेलखंड का नाम रोशन करने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम खिलाड़ी क्रांति गौड़ ने विशेष रूप से मैदान में पहुंचकर खिलाड़ियों से मुलाकात की और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से बेटियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बड़ा मंच मिलता है और यही खिलाड़ी भविष्य में देश का नाम रोशन करेंगी। उद्घाटन मैच के मुख्य अतिथि सुधीर बजाज ने कहा कि महिला खिलाड़ियों का शानदार खेल देखकर महिला क्रिकेट का भविष्य उज्ज्वल दिखाई देता है और ऐसे मंच जमीनी प्रतिभाओं को राष्ट्रीय पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

वहीं मुख्य अतिथि सुमित उपाध्याय ने कहा कि टीकमगढ़ की बेटियां खेल के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रही हैं और आने वाले समय में यही खिलाड़ी देश का नाम रोशन करेंगी। दूसरे मैच के मुख्य अतिथि एवं टूर्नामेंट संरक्षक अनिल भदौरा ने कहा कि पिछले 11 वर्षों से लगातार आयोजित हो रहा यह टूर्नामेंट बुंदेलखंड का एकमात्र ऐसा मंच है जहां देशभर की प्रतिभाशाली महिला खिलाड़ी एक साथ खेलती नजर आती हैं। उक्त टूर्नामेंट के दौरान अनिल भदौरा, सुधीर बजाज, उस्ताज जैन, सचिन ठगन, हरि सिंह, वीर सिंह लोधी, राजेंद्र सेन, राहुल भंडारी, विकास कश्यप, सुजीत कुमार, अभिषेक नामदेव और अनुपम कुमार सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आने वाले दिनों में प्रतियोगिता के अन्य मुकाबलों को लेकर जिले के खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।

# सख्ती: पॉक्सो कोर्ट ने आरोपी को सुनाई 20 साल की सजा

टीकमगढ़। जिले में महिला एवं बालिकाओं से जुड़े गंभीर अपराधों में त्वरित और प्रभावी न्याय सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई की पहल पर गठित जिला स्तरीय पुलिस टीम के प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। थाना दिगोड़ा के एक प्रकरण में प्रभावी विवेचना




और न्यायालय में साक्ष्यों की सशक्त प्रस्तुति के आधार पर पॉक्सो विशेष न्यायालय ने आरोपी राहुल कुशवाहा को दोषी करार देते हुए कठोर कारावास की सजा सुनाई है। पॉक्सो मामले में न्यायालय ने आरोपी को भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत दंडित किया। इसमें धारा 137(2) के तहत 3 वर्ष का सश्रम कारावास, धारा 87 बीएनएस के तहत 6 वर्ष का सश्रम कारावास, धारा 127(4) बीएनएस के तहत 3 वर्ष तथा धारा 351(3) बीएनएस के अंतर्गत 3 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। इसके अतिरिक्त पॉक्सो अधिनियम के तहत आरोपी को 20 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 2 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित भी किया गया है।

### एसपी द्वारा गठित टीम की विवेचना से आरोपी पहुंचा अंजाम तक

महिला एवं बालिकाओं से जुड़े मामलों की सुनवाई में तेजी लाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मंडलोई द्वारा जिला स्तर पर विशेष टीम का गठन किया गया है। यह टीम समय-समय पर प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा करते हुए साक्षियों की उपस्थिति, साक्ष्यों की प्रभावी प्रस्तुति और न्यायालयीन कार्रवाई की स्थिति की निगरानी करती है तथा रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक को प्रस्तुत करती है। उक्त प्रकरण की विवेचना थाना दिगोड़ा के उप निरीक्षक नीरज लोधी एवं संदीप सोनी द्वारा की गई। दोनों अधिकारियों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए साक्ष्यों का समुचित संकलन कर मजबूत विवेचना तैयार की, जिसके आधार पर न्यायालय में प्रभावी पैरवी संभव हो सकी। जिला पुलिस का कहना है कि महिला एवं बालिकाओं से जुड़े अपराधों में कठोर कार्रवाई और प्रभावी न्यायिक प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि पीड़ितों को त्वरित न्याय मिल सके और समाज में अपराधियों के प्रति कड़ा संदेश जाए।

# न्यायालय आदेश के बाद भी नहीं कटने दे रहे फसल, किसान ने लगाई गुहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶बड़ागांव धसान

> एसपी को दिए आवेदन में मारपीट व धमकी का आरोप लगाते हुए की कार्रवाई की मांग

जिले के चंदेरा थाना क्षेत्र के ग्राम दरियापुरा के एक किसान ने सरसों की फसल काटने से रोकने और मारपीट व धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। किसान का कहना है कि न्यायालय के आदेश के बावजूद विरोधी पक्ष जबरन उसकी फसल काटने का प्रयास कर रहा है।

जानकारी के अनुसार ग्राम दरियापुरा निवासी अवधेश नापित ने पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में बताया कि उनके परिवार की कृषि भूमि को लेकर मामला जतारा न्यायालय में विचाराधीन था। न्यायालय द्वारा सुनवाई के बाद 14 अक्टूबर 2025 को आदेश पारित करते हुए संबंधित भूमि का कब्जा पीड़ित अवधेश को दिलाया गया था। इसके बाद अवधेश ने उक्त भूमि पर सरसों की फसल बोई थी, जो अब पककर तैयार हो गई है। आवेदन में बताया गया कि 7 मार्च को अवधेश का भतीजा खेत देखने गया तो वहां कुछ लोग फसल काटते दिखाई दिए। जब उन्हें ऐसा करने से मना किया गया तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और धमकी दी। घटना की सूचना डायल 112 पर दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाइश देकर मामला शांत कराया। किसान अवधेश का आरोप है कि बाद में जब उसने अपनी सरसों की फसल कटवाने के लिए हार्वेस्टर बुलाया तो आरोपियों ने हार्वेस्टर चलने नहीं दिया और झगड़ा करने लगे। ऐसे में किसान ने आशंका व्यक्त की है कि फसल काटने के दौरान कोई अप्रिय घटना हो सकती है। अवधेश ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि वह अपनी फसल सुरक्षित रूप से काट सके और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। आवेदन के साथ अवधेश ने थाना चंदेरा में दर्ज एफआईआर, तहसीलदार द्वारा कराई गई मौके की रिपोर्ट, पटवारी की जांच प्रतिवेदन और न्यायालय के आदेश की प्रतियां भी पुलिस को उपलब्ध कराई हैं।

कार्यकर्ताओं की समस्याओं व आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर हुआ मंथन

# जमीनी स्तर पर संगठन को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶टीकमगढ़

भारतीय जनता पार्टी टीकमगढ़ की कोर कमेटी की बैठक भोपाल में प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं की मूलभूत समस्याओं के समाधान तथा आगामी पार्टी कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

भाजपा मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त बैठक प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर की मुख्य अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सागर संभाग प्रभारी गौरव रणदिबे, भाजपा जिला संगठन प्रभारी पुष्पेंद्रनाथ गुड्डन पाठक, जतारा विधायक हरिशंकर खटीक, भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष उमिता राहुल सिंह, चंबल संभाग प्रभारी डॉ. अभय प्रताप सिंह यादव



तथा पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अमित नुना सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिले के संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यकर्ताओं की मूलभूत समस्याओं पर भी चर्चा की गई। सभी सदस्यों ने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया। साथ ही आगामी पार्टी कार्यक्रमों को योजनाबद्ध तरीके से संचालित करने के लिए रणनीति तैयार की गई, ताकि संगठन की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। बैठक में जिले के सर्वांगीण विकास से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई। सदस्यों ने आम जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों में तेजी लाने की आवश्यकता पर बल दिया, जिससे जिले में विकास कार्यों को गति मिल सके और जनमानस को बेहतर सुविधाएं प्राप्त हों।

अभियोजन अधिकारियों की गुणवत्ता सुधारने हुई जिला स्तरीय कार्यशाला

# मजबूत पैरवी से बढ़ेगी न्याय की प्रभावशीलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶टीकमगढ़

न्यायालयों में प्रकरणों की प्रभावी पैरवी और अभियोजन अधिकारियों के कार्य की गुणवत्ता को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला संचालक लोक अभियोजन संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार 15 मार्च को झांसी रोड स्थित निजी रिसोर्ट में आयोजित हुई। कार्यशाला की जानकारी देते हुए प्रभारी उप निदेशक अभियोजन जैनेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि इसमें जिले के सभी अभियोजन अधिकारी टीकमगढ़, जतारा, निवाड़ी एवं ओरछा के साथ-साथ लोक अभियोजक एवं अपर लोक अभियोजक शामिल हुए।






कार्यशाला का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रवीणा व्यास ने किया। इस अवसर पर एट्रोसिटीज एक्ट विशेष न्यायाधीश अशरफ अली, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट नरेन्द्र कुमार गुप्ता, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी प्रियंक दुबे, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी राकेश जाटव, उप जिला अध्यक्ष सुशील कुमार तोमर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस राहुल कटरे सहित पुलिस विवेचना अधिकारी एवं वन अनुसंधानकर्ता अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यशाला में तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश नरेन्द्र कुमार गुप्ता ने पॉक्सो अधिनियम, अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम तथा भारतीय न्याय संहिता के महत्वपूर्ण प्रावधानों पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी प्रियंक दुबे ने वन अधिनियम, खनिज अधिनियम एवं वन्य जीव संरक्षण कानून से जुड़े विधिक प्रावधानों पर अधिकारियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। अभियोजन अधिकारियों, पुलिस अनुसंधानकर्ता अधिकारियों, वन अधिकारियों और न्यायालयों के प्रतिनिधियों के साथ एक संयुक्त परिचर्चा आयोजित की गई, जिसमें न्यायिक प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर समरोज खान कुटुम्ब न्यायालय, एसडीएम मुदित लटौरिया, मीना शाह, प्रियंका उत्कर्ष त्रिपाठी, गरिमा, नूतन रावते, पुष्पेंद्र मोहन गर्ग, शुभम डहेरिया एवं सुनीता गोयल की उपस्थिति रही।

### दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर लगाया अपहरण का आरोप, मारपीट की क्रॉस एफआईआर दर्ज

# इच्छापुरा से दो युवतियां लापता, अपहरण का आरोप, हिंदू संगठनों ने घेरी कोतवाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर से सटे गांव इच्छापुरा से अलग अलग धर्मो की दो युवतियां संदिग्ध परिस्थितियों के बीच लापता हो गई। सोमवार को इस मामले को लेकर उस समय स्थितियां तनावपूर्ण हो गई,जब दोनों पक्ष के लोग एक दूसरे पर युवतियों को अगवा करने का आरोप लगाते हुए आपस से झगड़ पडे। बजरंगदल सहित अन्य हिंदूवादी संगठनों से जुडे लोगों ने सोमवार को इस मामले को लेकर कोतवाली थाने का घेराव करते हुए प्रदर्शन किया और समुदाय विशेष के लोगों पर प्रजापति समाज की नाबालिग बालिका को जबरदस्ती घर से अगवा कर ले जाने का आरोप लगाते हुए जल्द कार्रवाई किए जाने की मांग की।

इसके साथ ही जल्द ही बालिका को सकुशल बरामद न किए जाने पर आंदोलन किए जाने की चेतावनी भी दे दी। इस दौरान कोतवाली थाने पहुंचे एसडीओपी राजीव कुमार गुप्ता और कोतवाली टीआई सत्यम सिंह गुर्जर ने हिंदूवादी संगठनों से जुडे कार्यकर्ताओं से उनका ज्ञापन लेकर भरोसा दिलाया कि बालिका दिल्ली में मिल गई है। मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने मारपीट क्रॉस एफआईआर भी दर्ज कर ली है।



### दिल्ली में मिली बालिका, पुलिस टीम रवाना

एसडीओपी राजीव गुप्ता ने बताया कि कहीं कोई तनावपूर्ण स्थिति नहीं है। दोनों पक्ष एक दूसरे पर युवतियों को अगवा करने के आरोप लगा रहे है। जिसकी जांच की जा रही है। जो ज्ञापन दिया है,उस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। लापता युवती लक्ष्मी प्रजापति दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मिल गई है। जिसे लेने के लिए एक पुलिस टीम दिल्ली रवाना कर दी गई है। लक्ष्मी बालिग है,इसलिए उसके बयान लेने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी। दूसरी युवती नाजिया की तलाश की जा रही है। नाजिया भी बालिग है,इसकारण उसके बयान लेने के बाद ही मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### हिंदू संगठनों ने ज्ञापन सौंपा

इस मामले को लेकर सोमवार को स्थिति तनावपूर्ण तब हो गई,जब इच्छापुरा गांव निवासी ओमशंकर शर्मा ने मुस्लिम समाज के कुछ लोगों पर घर आकर लडकी भगाने की बात कहते हुए गाली गलौच कर मारपीट कर देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली थाने में आवेदन दिया। इसके बाद विहिप और बजरंगदल सहित अन्य हिंदूवादी संगठनों से जुडे कार्यकर्ता तथा प्रजापति समाज के लोगों ने भी कोतवाली थाने का घेराव करते हुए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि समुदाय विशेष के कुछ लोग लक्ष्मी को जबरदस्ती अगवा करके अपने साथ लेकर गए है। इसके बाद उनके द्वारा पीडित परिवार के लोगो को घरों में कैद करते हुए उन्हें धमकिया भी दी गई। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने ओमशंकर शर्मा की रिपोर्ट पर सलीम, नदीम तथा दो अन्य लोगो पर एक राय होकर घर पर आकर गाली गलौच और मारपीट की गई। वहीं दूसरी तरफ आशिफ मुसलमान निवासी इच्छापुरा ने भी कोतवाली थाने में आवेदन सौंपकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि ज ब वह नाजिया के लापता होने संबंधी मामले की जानकारी लेने के लिए कोतवाली थाने पर पहुंच रहा था,तभी गांधी पार्क के पास अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मेरी मारपीट कर दी गई। पुलिस ने उसकी रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी पर मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

### एक दिन पहले नाजिया तो दूसरे दिन लक्ष्मी लापता हुई

पुलिस सूत्रों के मुताबिक ग्राम इच्छापुरा से 12-13 मार्च की दरमियानी रात को मुस्लिम परिवार की बालिका नाजिया उम्र 20 वर्ष घर से लापता हो गई। वहीं दूसरे ही दिन 14-15 मार्च की दरमियानी रात को इसी गांव से प्रजापति समाज की बालिका लक्ष्मी प्रजापति 18 वर्ष लापता हो गई। लक्ष्मी प्रजापति के परिवार के लोगों सहित समाज के लोगों का आरोप है कि लक्ष्मी नाबालिग है, जिसे कुछ लोग जबरदस्ती घर से उठाकर अपहरण करके ले गए है। उधर नाजिया के परिवार के लोग भी ओमप्रकाश शर्मा के पुत्र पर नाजिया का अपहरण कर ले जाने का आरोप लगा रहे है। कोतवाली टीआई सत्यम सिंह गुर्जर ने बताया कि दोनों युवतियां बालिग है। इसलिए गुमशुदगी का प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है। युवतियों के मिलने के बाद उनके बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### तिथियों की भ्रामकता के बीच तीज त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

# सौहार्द्र बढ़ाने का काम करते त्योहार इन्हें मिल जुलकर मनाएं: रूपेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

त्योहार और धार्मिक उत्सव सद्भावना बढ़ाने का काम करते हैं साथ ही यह हमारी धार्मिक आस्थाओं को व्यक्त करने का माध्यम भी होता है। त्योहारों पर किए जाने वाले उत्सवों को ऐसा अनुकरणीय बनाएं जिससे किसी को तकलीफ ना हो बल्कि इसका लाभ हर वर्ग को मिले। यह बात अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने सोमवार को आयोजित शांति समिति की बैठक में मौजूद दोनों संप्रदाय के प्रतिनिधियों को समझाइश देते हुए कही। इस दौरान भ्रामक स्थिति तब निर्मित होती गई जब हर त्योहार दो-दो तिथि निकल आई।

कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर विभिन्न त्यौहारों को लेकर आयोजित हुई शांति समिति की बैठक में एडीएम रूपेश उपाध्याय ने दोनों समुदाय के प्रतिनिधियों से चर्चा की। इस दौरान शहर काजी अतीक उल्लाह कुरैशी ने बताया कि ईद का त्योहार अगर गुरुवार को चांद दिखाई दिया गया तो शुक्रवार (20 मार्च) को मनाया जाएगा और चांद नहीं दिखाई देने पर ईद उल फितर 21 मार्च को मनाई जाएगी। शहर काजी ने बताया कि ईद की नमाज ईदगाह सहित शहर की 8 मस्जिदों में पढ़ी जाएगी। नमाज का समय अंजुमन सदर अकरम खान और सभी आठ मस्जिदों के जिम्मेदारों के साथ बैठकर तय कर लिया गया है। इसी तरह रामनवमी का जुलूस और महावीर जयंती के चल समारोह को लेकर भी भ्रम की स्थिति निर्मित हुई कैलेंडर में रामनवमी 26 मार्च को मनाए जाने का उल्लेख है जबकि सनातन धर्म से जुड़े लोगों ने बताया कि जुलूस 27 मार्च को निकाला जाएगा। इसी तरह कैलेंडर में महावीर जयंती 31 तारीख को अंकित की गई है इसी दिन महावीर जयंती की छुट्टी भी घोषित की गई है लेकिन जैन समाज के प्रतिनिधि ने बताया कि महावीर जयंती का चल समारोह 30 मार्च को निकाला जाएगा। दाऊदी बोहरा समाज की ओर से बताया गया कि मैं ईद का त्योहार 19 मार्च को मनाएंगे उधर 14 अप्रैल को मनाया जाने वाली अंबेडकर जयंती पर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक में एडीएम रूपेश उपाध्याय ने सभी त्योहारों पर व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए



### होली पर भी बदला था समय

तिथि को लेकर होली पर भी ऐसे ही हालत निर्मित हुए थे जब शांति समिति की बैठक में होली पंचांग अनुसार जलाने और खेलने की तिथि कलैंडर देखकर तय गई थी लेकिन बाद में पंडितों ने कलेंडर अनुसार होली खेलने वाले दिन ग्रहण पड़ने के कारण होली को अगले दिन खेलने का निर्णय लिया। यह स्थिति पूरे प्रदेश में निर्मित हो गई जिसके बाद सरकार ने होली पर एक दिन के बजाए दो दिन का अवकाश रखा था लेकिन श्योपुर में शांति समिति की बैठक में सही दिन तय नहीं होने से भ्रम की स्थिति निर्मित हो गई थी जिसके बाद प्रशासन ने पुजारियों की की बैठक आयोजित कर उनसे मार्गदर्शन लिया था। कमोवेश यही हालात रामनवमी और महावीर जयंती को लेकर निर्मित होते दिख रहे हैं। कलैंडर के अनुसार राम नवमी 26 मार्च को है जबकि 27 मार्च को जुलूस निकाले जाने का निर्णय बैठक में लिया गया है। इसी तरह महावीर जयंती कलेंडर में 30 मार्च को मनाए जाने का उल्लेख है लेकिन चल समारोह 31 को निकाला जाएगा।

# एनएसयूआई कार्यकर्ताओ ने आंखों पर पट्टी बांधकर कॉलेज में दिया धरना,ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

एनएसयूआई कार्यकर्ताओ ने सोमवार को कॉलेज प्रशासन पर एनएसयूआई से जुडे छात्र छात्राओं के साथ भेदभाव किए जाने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। छात्र नेता अभिषेक मीणा के नेतृत्व में आयोजित इस धरना प्रदर्शन में शामिल हुए एनएसयूआई कार्यकर्ताओ के द्वारा अपनी आंखों पर काली पट्टी बांधकर कॉलेज प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की गई। इसके बाद कॉलेज प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें एनएसयूआई के द्वारा बताई गई कॉलेज की समस्याओ को नजर अंदाज न करते हुए उन्हें दूर करवाए जाने सहित अन्य कई मांग उठाई गई है। ज्ञापन में यह भी चेतावनी दी गई कि ज्ञापन में उल्लेखित समस्याओं का समाधान जल्द न किए जाने पर उग्र विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।



# अभाविप ने समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सोमवार को कॉलेज में छात्र छात्राओ की विभिन्न समस्याओ को लेकर प्रदर्शन किया और फिर 6 सूत्रीय ज्ञापन कॉलेज प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा को सौपा गया। ज्ञापन में कॉलेज संचालन व्यवस्था में सुधार किए जाने, नियमित रूप से रेगुलर क्लासेस सुचारू रूप से चालू कराए जाने, विद्यार्थियां को उनकी समस्याओ के निदान के लिए संबंधित कॉलेज स्टाफ के उपस्थित नहीं मिलने संबंधी समस्या को दूर करने, ऑनलाइन उपस्थिति लगाकर अनुपस्थित हो जाने वाले कॉलेज स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई करने, रेस ट्रैक के अधूरे निर्माण कार्य को पूरा किए जाने, कॉलेज परिसर में सहायता केंद्र बनाए जाने, हेल्प डेस्क बनाए जाने संबंधी मांग उठाई गई है। साथही यह भी चेतावनी दी कि 10 दिन के भीतर उक्त समस्याओ का समाधान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर संयोजक गणेश शर्मा, नगर मंत्री के विष्णु वाल्मिक सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।



# सलापुरा के मंदिर में चोरी, सोने चांदी के आभूषण ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर के सलापुरा स्थित भगवान श्री राधा-कृष्ण मंदिर में बीती रात चोरी हो गई। इस दौरान चोर मंदिर के ताला तोडकर भगवान के चांदी और सोने के आभूषण चोरी कर ले गए। इस घटना से भक्तों में नाराजगी देखी जा रहा है। मामले की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और चोरों को तलाशने की कार्रवाई शुरू कर दी।

बताया जा रहा है कि मंदिर के पुजारी ब्रजलाल शर्मा रोज की भांति सोमवार की सुबह पूजा करने के लिए मंदिर पर पहुंचे तो उन्हें मंदिर के गेट पर लगा ताला टूटा मिला। मंदिर के अंदर रखे भगवान के चांदी के दो मुकुट,चांदी के चार कड़े और अन्य आभूषण चोरी हो गए। कोतवाली टीआई सत्यम सिंह गुर्जर ने बताया कि इस तरह की रिपोर्ट आई है,मामले में कार्रवाई की जा रही है।



# कमरे के अंदर फांसी पर झूला युवक, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर के नयाबांस मोहल्ले में एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों के बीच अपने घर के कमरे में बंद होकर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मृतक युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं बताई जा रही है। कोतवाली पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली पुलिस ने बताया कि नयाबांस मोहल्ला निवासी रहीस 26 वर्ष पुत्र बाबू खान ने सोमवार को सुबह अपने घर के कमरे में पंख के कुंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रहीस की पिछले करीब एक साल से मानसिक स्थिति ठीक नहीं बताई जा रही है। उसका इलाज भी चल रहा है। पुलिस ने इस मामले की सूचना मिलने के बाद मृतक के शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारा और पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया,साथही मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# संविधान की शपथ लेकर की गई शादी चर्चा में रही, परिजनों ने साथ दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिला मुख्यालय स्थित एक मैरिज गार्डन में बीते रोज आयोजित एक शादी इन दिनों चर्चा का विषय बन गई है। शादी में नव दंपति ने परंपरागत तरीके से अग्नि के साथ फेरे लेकर एक दूसरे का साथ सात जन्मों तक निभाने का वचन एक दूसरे को देने के बजाय संविधान की प्रति हाथ में लेकर जिंदगी भर साथ निभाने की शपथ ली। जिले में इस तरह की पहली शादी आयोजित हुई है इस शादी में नव दंपती की मर्जी के आगे दोनों परिवार की सहमति भी थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार श्योपुर जिले की जनपद पंचायत के ग्राम रामबड़ोदा के रहने वाले टीकासर बंसल पीएचडी और एडवोकेट प्रियंका ने अपनी शादी में सारे सिस्टम बदल डाले दोनों ने भारतीय संविधान को हाथ में रखकर शादी रचाई है। यही नहीं रिसेप्शन में भी नव दंपति हाथ में संविधान की प्रति लिए खड़ा दिखा जो आशीर्वाद देने आने वालों को भी संविधान की रक्षा करने की शपथ दिलाते दिखाई दिए। नए तरीके से आयोजित हुई यह शादी चर्चा बन गई है। दुल्हा-टीकासर बंसल रघुवीर बैरवा के पुत्र हैं जबकि दुल्हन-एड प्रियंका रामबिलास बैरवा की पुत्री है।



### छात्राओं ने विभिन्न धार्मिक ओर पर्यटक स्थलों के दीदार किए

# एक्सपोजर विजिट विद्यार्थियों की समझ बढ़ाने में सहायक: गर्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों के इतिहास से विद्यार्थी रूबरू हो और इस उद्देश्य से उन्हें एक्सपोजर विजिट कराने के लिए ऐसे स्थान का चुनाव किया जाता है। एक्सपोजर विजिट सिर्फ घूमने का साधन न हो बल्कि विद्यार्थी इससे कुछ सीखें। हमारी संस्कृति और हमारी ऐतिहासिक विरासत के बारे में जानकारी हासिल करें इसके प्रयास शिक्षकों को करने चाहिए। यह बात जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग ने पीएम श्री शासकीय कन्या उमावि श्योपुर की छात्राओं को एक्सपोजर विजिट पर विभिन्न रमणीय स्थान पर रवाना करते हुए कही।

रविवार की सुबह 7 बजे पीएम श्री कन्या उमावि की छात्राओं को एक्सपोजर विजिट पर जिला शिक्षा अधिकारी गर्ग ने हरी झंडी दिखा कर कन्या स्कूल से रवाना किया। छात्राओं ने सीप नदी का उदगम स्थल से होते हुए, पनवाड़ा माता मंदिर एवं नौनार सरकार मंदिर के दर्शन किए। तथा कुनो सेंचुरी एवं जंगल में प्राप्त ओषधि पौधों के बारे में जानकारी प्रदान की। इसके पश्चात सीताबाड़ी में राम मंदिर, लक्ष्मण मंदिर लव कुश मंदिर सीता कुटी , वाल्मीक मन्दिर एवं कुंड आदि के दर्शन किए एवं छात्राओं ने प्राचीन स्थल के बारे में जानकारी प्राप्त की। यात्रा का समापन जाटखेड़ा माता मंदिर पर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य भरत सिंह जाट , हरीश कुमार शर्मा, नरेन्द्र गुप्ता , पी एम नोडल अधिकारी नवल मित्तल, दीगराज चारण, सुल्तान मीणा, रामस्वरूप माहौर, स्मिता दाधीच, गोमती शर्मा, सीमा राठौर, वंदना कुशवाहा ,सुनीता नामा , द्रौपदी वर्मा, आईपी माहौर, राम बाबू चौरसिया मुकेश राठौर, रामस्वरूप जाटव, टीसी माहौर अजय श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। एक्सपोज़र विजिट में डेढ़ सैकड़ा छात्राओं ने भागीदारी की।



### परिषद की बैठक नहीं हुई, सीएमओ सहित पूरा अमला गायब

# स्थगन की सूचना मिलने के बाद भी बैठक में शामिल होने नगर पालिका पहुंचे पार्षद

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

सोमवार को आयोजित होने वाली परिषद की बैठक किन्ही कारणों से स्थगित होने की सूचना सीएमओ आरआर यादव ने दो दिन पहले ही पार्षदों को दे दी थी इसके बावजूद कुछ पार्षद परिषद की बैठक कराने पर अड़े हुए थे और वह नियत समय पर नगर पालिका भी पहुंच गए लेकिन वहां ना तो सीएमओ उन्हें मिले और ना ही कोई अधिकारी कर्मचारी जिसके चलते कुछ समय तक इंतजार कर उन्हें वापस लौटाना पड़ा।

लंबे समय बाद आयोजित हो रही परिषद की बैठक के लिए सीएमओ ने एक पखवाड़ा पूर्व विभिन्न विकास कार्य सहित बजट से जुड़ा एजेंडा की बैठक 16 मार्च को आयोजित की थी लेकिन किन्हीं कारणों से दो दिन पहले इस बैठक को स्थगित भी कर दिया गया लेकिन कुछ पार्षद बैठक करने पर अड़ गए थे जो नगर पालिका में नियत समय 3 बजे पहुंच भी गए और बैठक कराने के लिए वह सीएमओ एवं अन्य अधिकारियों को लगातार फोन करते रहे लेकिन न तो किसी ने फोन उठाया और न ही कोई उन्हें ऑफिस में मिला हालांकि 23 वार्डों में से सिर्फ कुछ वार्डों के पार्षद ही बैठक की मांग करने नगर पालिका पहुंचे इनमें से भी कुछ महिला पार्षदों के प्रतिनिधि थे। इस दौरान परिषद की बैठक की सूचना मिलने पर नगर पालिका के दुकानदार भी अपनी समस्या को लेकर नपा कार्यालय पहुंच गए थे लेकिन कोई कर्मचारी अधिकारी वहां नहीं मिला तो वह भी निराश होकर लौट गए।



### जिसने बुलाई बैठक वो ही गायब रहा

परिषद की बैठक आयोजित कराने की मांग करने वाले पार्षदों को झटका उस समय लगा जब विशेष परिस्थितियों में परिषद की बैठक बुलाने की धाराओं के तहत आवेदन देकर देने वाले नपा उपाध्यक्ष संजय महाना ही बैठक से अनुपस्थित रहे। उनका मोबाइल भी बंद था अगर वह नियत समय पर नगर पालिका पहुंच जाते तो नगर पालिका प्रशासन को परिषद की बैठक आयोजित कराना मजबूरी हो जाता यह संवैधानिक व्यवस्था थी पर नपा उपाध्यक्ष का भी अचानक गायब हो जाना चर्चा में रहा ऐसी स्थिति में आगामी समय में आयोजित होने वाली नगर पालिका परिषद की बैठक से विपक्ष को जो उम्मीद उपाध्यक्ष ओर सत्ता पक्ष के पार्षदों से थी वह निर्मूल साबित होने वाली दिखाई पड़ रही है।



### किराया वृद्धि के विरोध में ज्ञापन देने पहुंचे दुकानदार

परिषद की बैठक में नगर पालिका की विभिन्न दुकानों का किराए वृद्धि का प्रस्ताव भी रखा गया है इस प्रस्ताव को स्थानीय दुकानदार मनमाना और नियम विरोध बताकर विरोध कर रहे हैं यह विरोध वह नगर पालिका परिषद की बैठक में पहुंचकर पार्षदों के सामने उठाना चाहते थे इसलिए दुकानदार एकत्रित होकर नगर पालिका पहुंच गए लेकिन परिषद की बैठक स्थगित हो जाने से वह पार्षदों के सामने मामले को तो नहीं उठा सके लेकिन उन्हें नपा में ज्ञापन लेने वाला भी कोई अधिकारी कर्मचारी ऑफिस में नहीं मिला मजबूरी में दुकानदार सीएमओ के बंगले पर चले गए जहां कई बार आवाज लगाने के बाद भी सीएमओ के बंगले के भीतर से कोई जवाब नहीं आया नगर पालिका दुकानदार यूनियन के सचिव हेमंत सेन ने बताया कि नगर पालिका मनमाना रुख अपनाते हुए 10 गुना तक किराया वृद्धि कर रही है जो नियम विरुद्ध है दुकानदारों की बात सुनने के बजाय एक तरफा निर्णय लिया जा रहा है।

# परियोजना अधिकारी ने आंगनबाडी केंद्रों का निरीक्षण किया, समूह को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा आंगनबाडी केन्द्रों के सतत भ्रमण के संबंध में दिये गये निर्देशो के क्रम में परियोजना अधिकारी श्योपुर नितिन मित्तल द्वारा ऑगनबाड़ी केन्द्र नागदा-बी, नागदा-सी, नगदी-ए एवं नगदी-बी का निरीक्षण किया गया। परियोजना अधिकारी मित्तल द्वारा निरीक्षण के दौरान ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों को नियमित आयरन सिरप पिलाने, बच्चों की ग्रोथमोनिटरिंग जैसे बच्चें की लम्बाई, उचाई एवं वजन लेकर उसे विभागीय पोषण ट्रैकर एप में दर्ज करने केन्द्र पर प्रतिदिन ईसीसीई गतिविधि आयोजित करने, पात्र हितग्राहियों को टीएचआर वितरण करने व केन्द्र पर बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिये। ऑगनबाड़ी केन्द्र नागदा-सी पर जय माता दी स्व-सहायता समूह द्वारा प्रदाय नाश्ता एवं खाना पर्याप्त मात्रा में व गुणवत्तायुक्त प्रदाय न करने के कारण स्व-सहायता समूह को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया।



## खबर संक्षेप



### क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**बीना।** मंडी बामोरा में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशानुसार अंजनी जन कल्याण संस्थान समिति द्वारा प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान के तहत प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मंडी बामोरा सेक्टर की समितियो से 20 सदस्य एवं 10 नवांकुर सखियों ने प्रशिक्षण लिया। मध्य प्रदेश जन अभियान के ब्लॉक समन्वयक नीरज शर्मा ने जन अभियान परिषद की समस्त योजनाओं को विस्तार से बताते हुए ग्राम विकास समितियो के उद्देश्य कार्य योजनाओं को समझाया। नवांकुर संस्था अध्यक्ष नंदराम कुशवाहा ने समितियो के दस्तावेज तैयार करना बताया। स्वास्थ्य शिक्षा स्वच्छता पर्यावरण संरक्षण नशा मुक्ति जैसे विषयों पर ग्राम में जागरूकता अभियान निरंतर चलाने की आवश्यकता है। जिससे ग्रामों में समृद्धि आए। नवीन श्रीवास्तव ने सामाजिक विषयों पर विचार व्यक्त किए। जिसमें उन्होंने अपने बच्चों को शिक्षित, संस्कारवान एवं आज्ञाकारी बनाने ग्राम वासियों को जागरूक करने की आवश्यकता बताया। कार्यक्रम में संग्राम सिंह ठाकुर, महाराज सिंह राजपूत, किशन, आनंद कुशवाहा, अमृत यादव, अभिषेक यादव, पवन साहू, निशा डांगी, ऋषिका कुर्मी, लखन खंगार, किरण, उर्मिला, कुमकुम डांगी आदि बड़ी संख्या में समितियों के सदस्य उपस्थित रहे।

### भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस 7 ट्रिप रहेगी निरस्त

**बीना।** उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल अंतर्गत कनकपुरा स्टेशन पर यार्ड में मई माह में नानइंटरलॉकिंग कार्य के चलते के चलते भोपाल से संचालित ट्रेन भोपाल-जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस के कुछ फेरे निरस्त रहेंगे। भोपाल मंडल जनसंपर्क अधिकारी अनुसार ट्रेन नंबर 14814 भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस भोपाल से 03, 04, 05, 08, 12, 13 एवं 14 मई को 07 ट्रिप निरस्त रहेगी। इसी तरह ट्रेन नंबर 14813 जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस जोधपुर से 02, 03, 04, 07, 11, 12 एवं 13 मई को 07 ट्रिप निरस्त रहेगी।

### जिले भर में मारपीट की घटनाओं के मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कोहरवास निवासी किरण बाई लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजू लोधी और बीरन लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से राजू लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि भोला और किरण लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम डुंगासरा निवासी अनिल रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी ह्रदेश पाल, छोटू, बिट्टू और देवीलाल पाल ने उससे कुल्हाडी और हसिया से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## ध्रुपद गायक बैजू बावरा स्मृति समारोह का केंद्रीय मंत्री ने किया शुभारंभ

# चंदेरी में पग- पग और डग-डग पर प्राचीन ऐतिहासिक धरोहरें: सिंधिया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया तथा मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने रविवार को चंदेरी मेला ग्राउंड में दीप प्रज्जवलित कर बैजू बावरा संगीत समारोह का शुभारंभ किया गया।

शुभारंभ पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि ऐतिहासिक गौरवशाली चंदेरी नगरी में महान संगीतज्ञ बैजू बावरा समारोह का आयोजन एक महत्वपूर्ण कड़ी है। ग्वालियर में महान संगीतज्ञ तानसेन तथा चंदेरी में बैजू बावरा संगीत समारोह का आयोजन वृहद स्तर पर हो या सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि चंदेरी में पग-पग और डग-डग पर प्राचीन ऐतिहासिक धराहरें हैं,जो प्राचीन काल का इतिहास बताती हैं। चंदेरी की इस माटी के साथ सिंधिया परिवार का सदैव ह्रदय से संबंध रहा है। मध्य प्रदेश के एक छोर पर बसी है चंदेरी है। चंदेरी ने समूचे बुंदेलखंड और समूचे मध्य प्रदेश के अंचल को एक बट वृक्ष के रूप में छाया सदैव दिया है। उन्होंने कहा कि ग्वालियर में संगीत सम्राट तानसेन तथा चंदेरी में महान संगीतज्ञ बैजू बावरा समारोह के बीच प्रतिवर्ष प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए। जिससे ग्वालियर के साथ-साथ आने वाले समय में चंदेरी का भी महत्व संगीत के क्षेत्र में विश्व में चिरस्थाई हो सके।

### भारत की संस्कृति में संगीत को आत्मा में अभिव्यक्ति माना गया: संस्कृति मंत्री धर्मेन्द्र

मध्यप्रदेश के संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि भारत की संस्कृति में संगीत को आत्मा में अभिव्यक्ति माना गया है। संगीत को नादमय माना गया है। संपूर्ण जगत नादमय में है सृष्टि का आधार नाद है और सभी इसी इसी नाद से प्रेरित होकर अपनी साधना की अभिव्यक्ति करते हैं। भारत की परंपरा में संगीत को ही ईश्वर से संवाद का माध्यम माना जाता है। जहां संगीत है वहां नृत्य है, जहां नृत्य है, वहां ईश्वर है, जहां ईश्वर है, वहां मंगल ही मंगल होता है। भारतीय संगीत साधना की इसी महान परंपरा ने स्वामी हरिदास जी, तानसेन, बैजू बावरा जैसे महान संगीतज्ञों को जन्म दिया है। बैजू बावरा महान संगीत परंपरा के तपस्वी थे, जो हमेंशा संगीत साधना से आत्मा की यात्रा तक ले जाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में मध्य प्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा ऐसे आयोजन लगातार किए जा रहे हैं जिससे संस्कृति को बढ़ावा मिल रहा है।

### 3 दिवसीय आयोजन में कई कलाकार देंगे प्रस्तुतियां

शुभारंभ अवसर पर उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला निदेशक प्रकाश सिंह ठाकुर ने चंदेरी में तीन दिवसीय बैजू बावरा समारोह के बारे में मुख्य अतिथियों को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बैजू बावरा समारोह का आयोजन प्रति वर्ष चंदेरी में भाभी रूप से नियमित रूप से कराया जाएगा।

### राज्य स्तरीय साहित्य कला क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर कलाकारों का सम्मान

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया तथा संस्कृति मंत्री मध्यप्रदेश शासन धर्मेंद्र सिंह लोधी ने मध्यप्रदेश राज्य रूपंकर कला पुरस्कार साहित्य कला क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कलाकारों का सम्मान किया गया। जिसमें दत्तात्रय दामोदर देवलालीकर पुरस्कार नंदिता तिवारी (कृति शीर्षक स्क्रैप मटेरियल), रघुनाथ कृष्णराव फड़के पुरस्कार अनुश्री गुप्ता (कृति शीर्षक - सुंदरकांड एवं समकालीन कथा), नारायण श्रीधर बेन्द्रे पुरस्कार गोविंद विश्वकर्मा (कृति शीर्षक मृत्युंजय 1), मुकुन्द सखाराम भाण्ड पुरस्कार सुश्री प्रतिभा सिंह (कृति शीर्षक - संपूर्ण रामायण), देवकृष्ण जटाशंकर जोशी पुरस्कार मोहन विश्वकर्मा (कृति शीर्षक - मैं और मेरी सहेली), जगदीश स्वामीनाथन पुरस्कार आकाश जाटव (कृति शीर्षक ग्वालियरनेस 2), लक्ष्मीसिंह राजपूत पुरस्कार शैलजा सुल्लेरे (कृति शीर्षक - हनुमान चालीसा 1), राममनोहर सिन्हा पुरस्कार अनूप श्रीवास्तव (कृति शीर्षक मांडू सीरीज 1) एवं विष्णु चिंचालकर पुरस्कार आदित्य सिंह राजपूत बैलेंस वन (कृति शीर्षक - स्क्रैप मटेरियल) को अलंकृत किया गया। सम्मान स्वरूप सम्मान पट्टिका, 51 हजार रुपए की कर मुक्त राशि, शॉल एवं श्रीफल प्रदान किया गया।



### अतिथियों ने किया प्रदर्शनी एवं शिल्पों का अवलोकन

समारोह के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों ने रूपंकर कला प्रदर्शनी का अवलोकन कर सराहना की। इस प्रदर्शनी में राज्य रूपंकर कला पुरस्कार हेतु आमंत्रित कलाकृतियों में से चयनित 80 कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया है, जिसमें चित्र एवं मूर्तिकला शामिल हैं। तत्पश्चात हुनर प्रदर्शनी सह विक्रय में शिल्पकलाओं का अवलोकन किया। जिसमें शिल्पकारों द्वारा चंदेरी साड़ी, गौ शिल्प, माटी शिल्प, लकड़ी के खिलौने इत्यादि की सराहना की।

## परिजनों को सौंपा गया

# अपहृत 2 नाबालिग बालिकाओं को गुना से किया दस्तयाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेंद्र सिंह कंवर एवं एसडीओपी मुंगावली सनम बी. खान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सेहराई उनि0 धर्मेश दांगी द्वारा अपहृत 02 नाबालिग बालिकाओं को गुना से सकुशल दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि 11 मार्च को फरियादी निवासी ग्राम अचलगढ़ द्वारा थाना सेहराई में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 10 मार्च को उसकी नाबालिग बालिका घर के पास गुमठी के पास अपनी सहेली से बातचीत कर रही थी। फरियादी जंगल में बकरी चराने चला गया था। शाम को वापस आने पर उसकी पत्नी ने बताया कि बालिका अभी तक घर नहीं लौटी है। आसपास एवं रिश्तेदारी में तलाश करने पर भी कोई जानकारी नहीं मिली। फरियादी के पड़ोसी ने भी बताया कि उसकी लड़की भी घर से गायब है। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका पर थाना सेहराई में अप.क्र. 50/26 धारा 137(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

एसपी अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी सेहराई उनि. धर्मेश दांगी को शीघ्र दस्तयाब करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी सेहराई द्वारा टीम गठित कर बालिकाओं की तलाश प्रारंभ की गई। पुलिस टीम द्वारा आसपास के क्षेत्रों में तथा मुंगावली बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन एवं अन्य संभावित स्थानों पर तलाश की गई। साथ ही मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। तलाश के दौरान तकनीकी जानकारी के आधार पर पुलिस टीम गुना के लिए रवाना हुई, जहां हनुमान चैराहा गुना से दोनों नाबालिग बालिकाओं को पंचों के समक्ष सकुशल दस्तयाब किया।



### महिला महा समिति ने डांस के साथ पिचकारी सजाओं आयोजन किया और होली मिलन समारोह मनाया

**अशोकनगर।** 13 तारीख को महिला महासमिति द्वारा होली मिलन जैन भवन में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया जिसमें सभी सदस्यों ने एक दूसरे के गुलाल लगाकर गले मिलकर रंग-बिरंगे गुलालों की होली खेली। इसमें हमारे वरिष्ठ पदाधिकारी सम्मिलित थे जिसमें राष्ट्रीय महामंत्री इंदु गांधी के सानिध्य में सारा होली मिलन समारोह मनाया गया। साथ में उपस्थित महिलाओं में अध्यक्ष विभा मोदी महामंत्री प्रियंका जैन कोषाध्यक्ष नीतू मुंद्रा एवं महिला प्रकोष्ठ विनीता सोनी सह मंत्री वर्षा सिंघई मीडिया प्रभारी सिम्मी जैन अभिलाषा जैन पूर्व मंत्री नम्रता बड़कुल वरिष्ठ पदाधिकारी इंदिरा पाली सपना अजमेरा नांद्रा सोनी होली मिलन समारोह में 60 वर्ष से अधिक महिलाओं का होली डांस प्रतियोगिता रखी गई जिसमें प्रथम स्थान 70 वर्षीय संतोषी जैन एवं 65 वर्षीय मंजू जैन का द्वितीय स्थान पर प्रतिभा जैन एवं मीणा रसीला तृतीय स्थान पर नंदा सोनी एवं राजकुमारी जैन साथ ही पिचकारी सजाओ कंपटीशन भी रखी गई जिसमें महिलाएं बहुत ही सुंदर-सुंदर पिचकारी सजाकर लेकर आई थी जिसमें प्रथम स्थान पर वर्षा सिंघई द्वितीय स्थान पर प्रतिभा जैन एवं तृतीय स्थान पर बॉबी सिंघई सांत्वना पुरस्कार अभिलाषा एवं मीणा रसीला को मिला।

### पूरी रात जागकर शबे कद्र मनाई गई, और अल्लाह की इबादत कर गुनाहों की माफी मांगी गई



**पिपरई।** रमजान मुबारक पाक महा में मस्जिद रहमानिया में तरावीह कुरआन का पाठ पूरा हुआ। इसके पहले मस्जिद की सजावट की गई। उसके फलस्वरूप शबे कद्र मनाई गई। इस रात लोग पूरी रात जाग कर तन्हा अकेले में अल्लाह की इबादत की ओर अपने गुनाहों की माफी मांगी। इसके पहले हाफिज अजहर खान जिन्होंने तरावीह पढ़ाई थी। उनको नजराना पेश कर उनका सम्मान हाजी दोस्त मोहम्मद ओर बशीर खान मंसूरी ने किया। खिदमतगार कमेटी मयूर खान अतीक खान सहित छोटे छोटे बच्चों को मेडल पहना कर उनकी हौंसला अफजाई की गई। इस मौके पर जामा मस्जिद के मुफ्ती मोहम्मद आमिर साहब ने कहा कि रमजान का तीसरा असरा नर्क से मुक्ति का चल रहा है।इसमें रात में की जाने वाली विशेष नमाज के साथ विशेष पुण्य की इवादत की जा रही हे।साथ ही तिलावते कुरआन का पाठ किया जा रहा हे। मस्जिद के किसी कोने में एकांत में साधना ओर नमाज के समय समूह में प्रार्थना भी की जा रही हे। जामा मस्जिद में आज मनाई जाएगी शबे कद्र पुराना बाजार स्थित जामा मस्जिद में छब्बीसवें रोजे ओर सतइस्वी बि शफ के दिन तरावीह कुरआन पूरा होता हे ओर उसी दिन शबे कद्र मनाई जाती हे। शबे कद्र की रात में लोग जाग कर इबादत करेंगे।

## विद्यार्थी परिषद मध्यभारत प्रांत की समीक्षा व योजना बैठक का चंदेरी में हुआ शुभारंभ






**अशोकनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, मध्यभारत प्रांत की प्रांत समीक्षा एवं योजना बैठक का आज चंदेरी में शुभारंभ हुआ। यह दो दिवसीय बैठक 14 मार्च एवं 15 मार्च को आयोजित की जा रही है। उद्घाटन सत्र में क्षेत्रीय संगठन मंत्री चेतस सुखड़यि, प्रांत उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश तोमर, प्रांत मंत्री केतन चतुर्वेदी एवं प्रांत संगठन मंत्री रोहित दुबे उपस्थित रहे।

इस बैठक में मध्यभारत प्रांत के विभिन्न 22 जिलों से आए कार्यसमिति के कार्यकर्ता सहभागिता कर रहे हैं। बैठक में प्रमुख रूप से सत्र 2025 के कार्यों की समीक्षा तथा आगामी सत्रों के लिए संगठनात्मक योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। बैठक में संगठनात्मक स्थिति, विश्लेषण एवं समीक्षा, संगठनात्मक संरचना जैसे भौगोलिक, विभाग, जिला, भाग और नगर स्तर की संरचना पर चर्चा की जा रही है। साथ ही विद्यालयीन, महाविद्यालयीन परिसर, छात्रावास एवं कोचिंग क्षेत्रों में सदस्यता अभियान की स्थिति, लक्ष्य, प्राप्त सदस्यता और उसके लेखा-जोखा पर भी विचार किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त परिषद के विभिन्न आयामों जैसे राष्ट्रीय कला मंच, खेलो भारत, एग्रीविजन, मेडिवीजन, फार्माविजन, थिंक इंडिया, शोध, छात्रा कार्य, जनजाति छात्र कार्य तथा निजी विश्वविद्यालय कार्य की स्थिति की समीक्षा भी की जाएगी। इसके अतिरिक्त एक्टीविटी अभियान, मिशन साहसी, ऋतुमति अभियान, परिसर चलो अभियान, नशा मुक्त एवं पर्यावरण युक्त स्वच्छ भारत अभियान तथा वंदे मातरम ऑन कैंपस अभियान जैसे विभिन्न अभियानों को भी आगामी समय में प्रभावी रूप से चलाने पर चर्चा की जाएगी। क्षेत्रीय संगठन मंत्री चेतस सुखड़यि ने कहा कि गुणवत्ता, कार्य विस्तार, कार्य की गुणवत्ता, नियमिता, घोषित ओर हासिल लक्ष्यों की समीक्षा और योजना करेंगे, उन्होंने कहा कि कथनी और करनी एक समान होनी चाहिए। एबीवीपी एक वैचारिक आंदोलन ह , हमको प्रत्येक कार्य के लिए योजना करनी चाहिए। संगठन के प्रत्येक कार्यक्रम का उद्देश है। प्रत्येक कार्यक्रम से कार्यकर्ता बनते है। उन्होंने कहा कि वार्षिक योजना बनानी होगी, स्थानीय कार्यक्रम करने होंगे।

प्रांत उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश तोमर ने चंदेरी का एतिहासिक वर्णन करते हुए बताया की चंदेरी प्राचीन ऐतिहासिक धरोहर के लिए एवं चंदेरी साड़ी के लिए जानी जाती है। उन्होंने बोला कि यह प्रांत की महत्वपूर्ण बैठक है जिसमें हम 2025-26 की समीक्षा करते हुए 2026-27 की योजना करेंगे। अभाविप के प्रांत मंत्री केतन चतुर्वेदी ने कहा कि अभाविप की यह समीक्षा बैठक वर्ष में एक बार होती है। यह बैठक आंकलन की बैठक है।

## शिक्षक पात्रता परीक्षा के आदेश के विरोध में ज्ञापन सौंपा गया

### पुर्नविचार याचिका दायर करने की मांग की



**अशोकनगर।** शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी की अनिवार्यता के आदेश लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल से जारी होने के बाद अध्यापक संगठन इसका विरोध कर रहे हैं। इस आदेश के विरोध में रविवार को जिले भर के शिक्षकों द्वारा जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपकर मांग की गई कि इस आदेश को तुरंत रदद किया जाए और न्यायालय में पुर्नविचार याचिका दायर की जाए।

मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ एवं समस्त अध्यापक संगठन अशोकनगर द्वारा यह विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी आदेश तथा न्यायालय के निर्णय के संदर्भ में प्रदेश के लगभग 3 लाख शिक्षकों में असमंजस और चिंता की स्थिति बनी हुई है। वर्ष 2009 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी लागू करना न्यायसंगत नहीं है, क्योंकि उनकी नियुक्ति उस समय की सेवा शर्तों और नियमों के अनुसार हुई थी। संघ ने अपने ज्ञापन में स्पष्ट किया है कि आरटीई एक्ट 2009 के लागू होने के बाद ही शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी की व्यवस्था लागू की गई थी। इससे पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी के दायरे में लाना सेवा शर्तों में परिवर्तन के समान है, जो न्यायसंगत नहीं है। मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ एवं समस्त अध्यापक संगठन ने मांग की है कि प्रदेश सरकार इस विषय पर गंभीरता से विचार करते हुए सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर करे, ताकि शिक्षकों के हितों की रक्षा हो सके।

## स्वास्थ्य व तनाव मुक्ति हार्ट फुलनेस मेडीटेशन कार्यशाला हुई आयोजित



**अशोकनगर।** रविवार को पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कँवर के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय अशोकनगर स्थित कंट्रोल रूम परिसर, अशोकनगर में एवं समस्त थाना अंतर्गत हार्टफुलनेस मेडीटेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोकनगर गजेन्द्र सिंह कँवर, कंट्रोल रूम प्रभावी निरी. मनीष सिंह चैहान, महिला थाना प्रभारी निरी. रितु चैहान, थाना प्रभारी देहात उनि. भुवनेश शर्मा, कंट्रोल रूम स्टाफ, महिला थाना स्टाफ, सीसीटीवी कंट्रोल स्टाफ, थाना देहात स्टाफ तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान हार्टफुलनेस ध्यान पद्धति के अंतर्गत प्रतिभागियों को विचारों की शुद्धि (क्लीननेस), शरीर के अंगों की क्रियाशीलता में वृद्धि हेतु सात्विक ऊर्जा का संवहन व संग्रहण, नकारात्मक ऊर्जा का विस्थापन, ह्रदय का परिमार्जन तथा सात्विक ऊर्जा के विस्तार जैसी योगिक क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। उक्त हार्टफुलनेस ध्यान एवं यौगिक क्रियाओं का प्रशिक्षण कंट्रोल रूम प्रभारी एवं हार्टफुलनेस ट्रेनर निरीक्षक मनीष सिंह चैहान द्वारा कराया गया। कार्यक्रम के उपरांत सभी प्रतिभागियों द्वारा अपने-अपने अनुभव साझा किए गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कँवर ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हार्टफुलनेस ध्यान पद्धति को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं।

## श्रीमद् भगवद् गीता स्वाध्याय सेवा समिति आदर्श गांव महू आलमपुर में रात्री चौपाल आयोजित की



**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था श्री युगल सरकार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति अशोकनगर द्वारा चयनित आदर्श गांव महू आलमपुर में रात्री चैपाल आयोजित की गई। इस चैपाल में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के चंबल एवं ग्वालियर संभाग प्रभारी अमिताभ श्रीवास्तव और जिला समन्वयक बद्रीप्रसाद चैहान ग्राम महू रात्री 8 बजे पहुंचे, जहां उनका ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यगण ने चंदन तिलक लगाकर एवं शाल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया।

इसके बाद जिला समन्वयक ने रात्री चैपाल लगाने के उद्देश्य के बारे में बताया कि शासन की मंशा है कि जन अभियान परिषद के साथ मिलकर ग्रामवासी स्वैच्छिकता के भाव के साथ ग्राम के सभी युवा, बुजुर्ग, मातृशक्ति अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए ग्राम को आदर्श बनाने कार्य करें। प्रभारी श्रीवास्तव ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा जिस प्रकार से ग्राम में विगत पांच वर्ष से ग्रामवासियों के आपसी सहयोग से रामायण का अखंड पाठ चल रहा है उसी प्रकार से ग्राम को साफ स्वच्छ रखने की सामूहिक रूप से पहल करें, ग्राम के वाचनालय में सभी वेद, पुराण, उपनिषद, शास्त्रों को जन सहयोग से क्रय कर रखें जो सभी को अध्ययन करने उपलब्ध रहेंगे।

आगे कहा कि अच्छा कार्य करने हेतु तीन बातों को अमल में लाना होगा। प्रथम व्यक्तित्व को निखारें यानी चरित्र उज्जवल बनाएं फिर अपने विचारों को परिणाम में बदलने हेतु कृतित्व यानी कार्य करें तभी नेतृत्व क्षमता का विकास होगा और उसके परिणाम बहुत अच्छे आयेंगे।

बाल संस्कार शाला के मास्टर ट्रेनर बलवीरसिंह यादव ने कहा कि बच्चे वही सीखते हैं जो उनके माता पिता करते हैं तथा बच्चों के मन मस्तिष्क पर विद्यालय की पढ़ाई की अपेक्षा घर परिवार के वातावरण का अधिक प्रभाव पड़ता है इसलिए उन्हें संस्कारों से जोड़ने का कार्य भी माता पिता को ही करना होगा इसलिए आगामी समय में संस्कार शाला संचालित की जाएंगी जिसमें माता पिता अपने बच्चों को अवश्य भेजें।

## केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने स्वर्गीय जनकदुलारी शर्मा को अर्पित की श्रद्धांजलि



**अशोकनगर।** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रविवार को अशोकनगर जिले के ग्राम मढ़ी महिदपुर पहुंचकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्यक्षेत्र सह बौद्धिक शिक्षण प्रमुख हितानंद शर्मा की माताजी जनकदुलारी शर्मा के निधन पर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। साथ ही दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने शोक संतृप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की। इस अवसर पर चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, कलेक्टर साकेत मालवीय, पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा, पूर्व विधायक जजपाल सिंह एवं जनप्रतिनिधि साथ थे।

### सिंधिया ने पूर्व विधायक यादव के निधन पर श्रद्धांजलि दी

**अशोकनगर।** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रविवार को तहसील ईसागढ़ के ग्राम महुअन पहुंचकर चंदेरी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक स्व. राव राजकुमार सिंह यादव के निधन होने पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना और शोकाकुल परिजन को इस पीड़ा को सहने की शक्ति देने के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि ऐसे व्यक्तित्व के धनी स्वर्गीय राव राजकुमार सिंह के बारे में अतीत में चर्चा करना बड़ा मुश्किल है। उन्होंने जीवन को नियम एवं आधार पर चलकर जिया है। साथ ही परिवार की परंपरा निर्वहन किया है। उन्होंने जनसेवा और सत्य की पथ पर जनता की सेवा की है।